हर सांस रटे तेरा नाम | by Mayur Gupta

हर सांस रटे तेरा नाम
मेरे श्याम धणी घनश्याम
करम इतना कर दे
होंठों पे हो तेरा नाम
ऐ खाटूवाले श्याम
के जब ये दम निकले
के जब ये दम निकले
हर सांस .....

इतनी सी कृपा करना
चरणों में मुझे रखना
नादान समझ बाबा
मेरा हाथ पकड़ रखना
ये छोटी सी अरदास
तू अपने रंग में आज
श्याम मुझको रंग दे
होंठों पे हो तेरा नाम
ऐ खाटूवाले श्याम
के जब ये दम निकले
के जब ये दम निकले
हर सांस .....

दुनिया के मेले में
बस तू ही सहारा है
मझधार फँसी नैया
बस तू ही किनारा है
मेरे जीवन की पतवार
है तेरे हवाले श्याम
पार मुझको कर दे
होंठों पे हो तेरा नाम
ऐ खाटूवाले श्याम
के जब ये दम निकले
के जब ये दम निकले
हर सांस .....

हारों का सहारा है
खाटू में जो द्वारा है
ये मयूर भी जो गाये
सब तेरा इशारा है
और सचिन खड़ा है आज
तेरी चौखट पे मेरे श्याम
तेरे दर्शन करने
होंठों पे हो तेरा नाम
ऐ खाटूवाले श्याम
के जब ये दम निकले
के जब ये दम निकले
हर सांस .....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b9%e0%a4%b0-%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%82%e0%a4%b8-%e0%a4%b0%e0%a4%9f%e0%a5%87-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%ae-by-mayur-gupta/